संचिका संख्या–01 / स्था०राज०–366 / 2025–

बिहार सरकार

गन्ना उद्योग विभाग

प्रेषक,

**अरूण कुमार,**
अवर सचिव।

सेवा में,

**प्रभारी पदाधिकारी,**
वित्त (वै०दा०वि०को०) विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– नवंबर, 2025

विषय :– **श्री राहुल त्रिपाठी, सहायक निदेशक (शष्य), ईख विकास, कार्यालय संयुक्त निदेशक (शष्य), ईख विकास बिहार, पटना का दिनांक–07.09.2025 से 07.10.2025 तक प्रभार रहित अवधि का विनियमन की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कृषि विभाग की अधिसूचना संख्या–4142 दिनांक–06.09.2025 के द्वारा बिहार कृषि सेवा, कोटि–1 (शष्य) समूह–'ख' मूल कोटि के पदाधिकारी श्री राहुल त्रिपाठी की सेवा गन्ना उद्योग विभाग मे सौपी गई। जिला कृषि पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ) के ज्ञापांक–1662 दिनांक–06.09.2025 के अनुसार श्री राहुल त्रिपाठी द्वारा कृषि विभाग के अधिन सहायक निदेशक (शष्य), कैमूर का दिनांक–06.09.2025 के अपराह्न में प्रभार त्याग किया गया। श्री राहुल त्रिपाठी द्वारा दिनांक–08.09.2025 को गन्ना उद्योग विभाग में योगदान समर्पित किया गया।

गन्ना उद्योग विभाग के अधिसूचना संख्या–1528 दिनांक–06.10.2025 द्वारा श्री राहुल त्रिपाठी, को सहायक निदेशक (शष्य), ईख विकास, कार्यालय संयुक्त निदेशक (शष्य), ईख विकास बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित किया गया। श्री राहुल त्रिपाठी, को सहायक निदेशक (शष्य), ईख विकास, कार्यालय संयुक्त निदेशक (शष्य), ईख विकास बिहार, पटना का प्रभार दिनांक–08.10.2025 के पूर्वाह्न में ग्रहण किया गया है।

अतएव वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 के आलोक में श्री राहुल त्रिपाठी, को सहायक निदेशक (शष्य), ईख विकास, कार्यालय संयुक्त निदेशक (शष्य), ईख विकास बिहार, पटना का दिनांक–07.09.2025 से 07.10.2025 तक कुल 31 (इक्कतीस) दिनों के प्रभार रहित अवधि को निम्न रूपेण विनियमन की स्वीकृति प्रदान की जाती है:–

(i) दिनांक–07.09.2025 एक दिन पारगमन काल के रूप मे।

(ii) दिनांक–08.09.2025 से 06.10.2025 तक 29 (उन्नतीस) दिन पदस्थापन की अनिवार्य प्रतीक्षा में बितायी गयी अवधि के रूप में।

(iii) दिनांक–07.10.2025 एक दिन देय उपार्जित अवकाश के रूप मे।

2. इस पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना की सहमति एवं प्रधान सचिव, गन्ना उद्योग विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–
**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01 / स्था०राज–366 / 2025– / पटना, दिनांक– नवंबर, 2025**

प्रतिलिपि– महालेखाकार बिहार, वीरचन्द पटेल पथ पटना / कोषागार पदाधिकारी, विकास भवन न्यू सचिवालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01 / स्था०राज–366 / 2025–1775. / पटना, दिनांक–19 नवंबर, 2025**

प्रतिलिपि– विभागीय लेखा शाखा / श्री राहुल त्रिपाठी, को सहायक निदेशक (शष्य), ईख विकास, कार्यालय संयुक्त निदेशक (शष्य), ईख विकास बिहार, पटना / श्रीमती शालीनता रानी, आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/11/2025

**अवर सचिव।**

Swe. Sev. Vini.